# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक : कु.स. 7358/2026 दिनाङ्क : 07 अप्रैल, 2026

## आवश्यक सूचना

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश के पत्रांकः ई–2065/32–जी.एस.–11/2025/2025 (NAAC), दिनांक 04.04.2026 के माध्यम से विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों को पत्र में अंकित बिन्दुओं पर Power Point Presentation तैयार कर विश्वविद्यालय के कुलपति एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों को दिनांक 28.04.2026 को अपराह्न 03:00 से 06:00 बजे तक माननीय श्री राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया की अध्यक्षता में Power Point Presentation के साथ जन भवन, लखनऊ में प्रतिभाग करने के निर्देश प्रदान किये गये हैं। उक्त के आलोक में महाविद्यालय के सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि संलग्न प्रारूप के अनुसार अपना PPT (Power Point Presentation) तैयार कर दिनांक 20.04.2026 तक (ssvvppt2026@gmail.com) ई–मेल पर अवश्य प्रेषित कर दें।

शिक्षक विवरण (बिन्दु 2.3) में पदों का विवरण विषयवार और स्तरवार देंगे। छात्रों के विवरण (बिन्दु 2.5) में कक्षावार विवरण देंगे। इन्फ्रास्ट्रक्चर में महाविद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं का विवरण फोटो समेत देंगे। (बिन्दु 2.6) छात्र एवं अध्यापकों की उपलब्धियों को सप्रमाण प्रस्तुत करें (बिन्दु 2.7) सांस्कृतिक कार्यक्रम (बिन्दु 2.8) कार्यक्रम के विवरण के साथ–साथ फोटो तथा सामाचार की कटिंग भी प्रस्तुत करेंगे। सामाजिक गतिविधियों में भी फोटो एवं प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। (बिन्दु 2.13) अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं प्रगति (बिन्दु 2.16) में प्रमाण संलग्न करना होगा। कुलाधिपति के विशेष सचिव के पत्र में उल्लिखित सभी निर्देशों का पालन करें।

**प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुये प्राचार्यगण व्यक्तिगत रूप से ध्यान देंगे एवं माननीय कुलाधिपति महोदया की अध्यक्षता में होने वाले प्रस्तुतिकरण हेतु अपने PPT के साथ दिनांक 28.04.2026 को यथा समय जन भवन, लखनऊ में उपस्थित होंगे। इस विषय में किसी भी प्रकार की उदासीनता के लिये प्राचार्य स्वयं उत्तरदायी होंगे।**

कुलसचिव
सं.सं.वि.वि., वाराणसी

प्रतिलिपि- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3. छात्रकल्याण संकायाध्यक्ष।
4. प्रबन्धक/प्राचार्य - समस्त सम्बद्ध संस्कृत महाविद्यालय को निर्देशानुसार कार्यवाही करने हेतु।
5. सिस्टम एनालिस्ट को इस आशय से कि सम्वद्ध महाविद्यालयों को उनके लॉगिन आई॰डी॰ के माध्यम से प्रेषित करने तथा विश्वविद्यालय की वेब-साइट पर सूचना अपलोड कराने का कष्ट करें।
6. आशुलिपिक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
7. सम्बद्ध पत्रावली।

कुलसचिव
सं.सं.वि.वि., वाराणसी

Scanned with OKEN Scanner

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश

**लखनऊ–226027**

संख्याःई-2065/32-जी.एस / 2025(NAAC)

दिनांकः 04/04/ ,2026

प्रेषकः

**श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,**
**उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

**कुलपति,** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
**कुलपति,** बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी।
**कुलपति,** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
**कुलपति,** दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।
**कुलपति,** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी।
**कुलपति,** सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी।
**कुलपति,** महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़।
**कुलपति,** राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
**निजी सचिव,** माननीय कैबिनेट मंत्री, उच्च शिक्षा, उ.प्र. सरकार।
**निजी सचिव,** माननीय राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा, उ.प्र. सरकार।

महोदय / महोदया,

कृपया माननीय श्री राज्यपाल / कुलाधिपति महोदया की अध्यक्षता में शासकीय एवं वित्तपोषित महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों की Power Point Presentation के साथ **जन भवन, लखनऊ** में समीक्षा बैठक निम्नानुसार आयोजित की जानी हैः–

| क्र.सं. | विश्वविद्यालय का नाम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर। | 15.04.2026 | 10:30 से 02:00 बजे तक |
| 2 | बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी। | 15.04.2026 | 03:00 से 06:00 बजे तक |
| 3 | सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर। | 16.04.2026 | 10:30 से 02:00 बजे तक |
| 4 | दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर। | 16.04.2026 | 03:00 से 06:00 बजे तक |
| 5 | महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी। | 28.04.2026 | 11:00 से 02:00 बजे तक |
| 6 | सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी। | 28.04.2026 | 03:00 से 06:00 बजे तक |
| 7 | महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़। | 29.04.2026 | 11:00 से 02:00 बजे तक |
| 8 | राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़। | 29.04.2026 | 03:00 से 06:00 बजे तक |

**2.** उपर्युक्त बैठक में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा निम्नांकित बिन्दुओं पर Power Point Presentation तैयार कर प्रस्तुतीकरण किया जायेगाः–

**2.1** संक्षिप्त परिचय

**2.2** महाविद्यालय में कितने प्रकार के कार्यक्रम संचालित हैं।

**2.3** शिक्षक संवर्ग का विवरण (कुल स्वीकृत पद, भरे एवं रिक्त पदों का विवरण)

**2.4** शिक्षणेत्तर कार्मिकों का विवरण (कुल स्वीकृत पद, भरे एवं रिक्त पदों का विवरण)

**2.5** छात्रों के प्रवेश की स्थिति
(छात्र संख्या, कुल स्वीकृत संख्या, प्रवेश छात्रों की संख्या एवं रिक्त संख्या)

**2.6** इन्फ्रास्ट्रक्चर

- (कैम्पस, एडमेनिस्ट्रेटिव, एकेडेमिक भवन, क्लासरूम, हॉस्टल की सुविधा प्रयोगशाला, कम्प्यूटर लैब, खेल का मैदान आदि की जिओ टैग एवं कैप्शन के साथ फोटो, जिसमें छात्रगण उपयोग कर रहे हों Power Point Presentation में सम्मिलित किया जाय।)
- (गेस्ट हाउस, शिक्षक एवं गैर शिक्षक का आवासीय भवन, प्रधानाचार्य / निदेशक भवन का जिओ टैग एवं कैप्शन के साथ उपयोग करते हुए फोटो Power Point Presentation में सम्मिलित किया जाय।)

2.7 छात्र एवं शिक्षकों की उपलब्धियाँ
(पुस्तक प्रकाशन, आर्टिकल्स, पेटेंट, रिसर्च प्रोजेक्ट, आदि)

2.8 सांस्कृतिक कार्यक्रम

2.9 वाई–फाई की सुविधा।

2.10 कान्फ्रेंस / सेमिनार / वेबिनार / वर्कशाप / शार्ट टर्म कोर्स आदि का विवरण एवं फोटोग्राफ Power Point Presentation में सम्मिलित किया जाय।)

2.11 रैंकिग / Accreditation
(NIRF/SIRF, NBA/NAAC)

2.12 एम.ओ.यू.

2.13 सामाजिक गतिविधियाँ

2.14 वित्तीय प्रगति (आय–व्यय ब्यौरा के साथ)

2.15 N.S.S/N.C.C.

2.16 अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ एवं प्रगति

3. उपर्युक्त समस्त बिन्दुओं से **सम्बन्धित प्रस्तुतीकरण में जिओ टैग एवं कैप्शन के साथ फोटोग्राफ Power Point Presentation में अनिवार्य रूप से** सम्मिलित किया जाय।

4. उपर्युक्त बैठकों में विश्वविद्यालय से कुलपति एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य ससमय उपस्थित रहेगें।

5. कृपया कुलपतिगण उपरोक्तानुसार Power Point Presentation महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों से ससमय प्राप्त कर एवं उक्त महाविद्यालयों की सूची, छात्र संख्या सहित, इस सचिवालय को एक दिवस पूर्व अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

6. उपर्युक्त बैठकों में माननीय मंत्रीगण को उनकी सुविधानुसार उपस्थित होने हेतु निजी सचिवगण उन्हें अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

**( डॉ. पंकज एल. जानी )**
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ.प्र. शासन को इस अनुरोध के साथ कि उपर्युक्त बैठकों में विभाग से सचिव / विशेष सचिव को सम्मिलित होने हेतु अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. परिसहाय, (पी / ए),श्री राज्यपाल, उ.प्र.।
3. कम्पट्रोलर, गृह अधिष्ठान, जन भवन, उ.प्र.।
4. मुख्य सुरक्षा अधिकारी, जन भवन, उ.प्र.।
5. अधीक्षक, उद्यान, जन भवन, उ.प्र.।
6. सूचना अधिकारी, जन भवन, लखनऊ।
7. सहायक अभियन्ता (सिविल / विद्युत), जन भवन, लखनऊ।
8. प्रोग्रामर, आई.टी. अनुभाग।
9. निजी सचिव, विशेष कार्याधिकारी (अपर मुख्य सचिव स्तर) को विशेष कार्याधिकारी महोदय के संज्ञानार्थ।
10. निजी सचिव, विशेष सचिव, को विशेष सचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
11. अपर निजी सचिव, विशेष कार्याधिकारी (शिक्षा) को विशेष कार्याधिकारी महोदय के संज्ञानार्थ।

**( हेमन्त कुमार चौधरी )**
कुलाधिपति के उप सचिव